## एक नजर में

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल ग्राम बोरीबुजुर्ग में 24 दिसंबर को करेंगे हितलाभ वितरण



**बुरहानपुर।** प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल 24 दिसम्बर को जिला बुरहानपुर के ग्राम बोरीबुजुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। जारी कार्यक्रमानुसार राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का बुधवार प्रात: 11 बजे ग्राम बोरीबुजुर्ग में आगमन होगा। इसके पश्चात् वे ग्राम दवाटिया में पीएम आवास का अवलोकन करेंगे तथा हितग्राहियों से चर्चा करेंगे एवं बोरीबुजुर्ग में बालिका आश्रम की छात्राओं से संवाद भी करेंगे।

इसके बाद 12 बजकर 30 मिनिट पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल का सीएम राईज स्कूल बोरीबुजुर्ग कार्यक्रम स्थल पर आगमन होगा। जहां जनजातीय नृत्य के साथ स्वागत किया जायेगा। कार्यक्रम में योजनाओं से लाभ प्राप्त हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव भी साझा किये जायेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल लाभार्थियों को हितलाभ वितरण करेंगे। जिसमें सिकल सेल कार्ड, आयुष्मान कार्ड, टीबी पेशेन्ट हेतु फूड बॉस्केट, सीसीएल ऋण हितलाभ वितरण, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ प्रदान करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य शिविर एवं एनआरएलएम समूह द्वारा स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। मंगलवार को कलेक्टर श्री हर्ष सिंह एवं पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफसफाई, मंच,बैठक व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के पश्चात् संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत सृजन वर्मा, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### 1975 बेच के दोस्त ग्रुप का स्वर्ण जयंती समारोह



**बुरहानपुर।** सुभाष हाई स्कूल के 1975 बेच के स्कूल साथियों का स्वर्ण जयंती मित्र मिलन समारोह राजस्थानी भवन में बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया स दोस्त ग्रुप के आयोजक रामकुमार अग्रवाल,नारायण गुप्ता ,सतीश अग्रवाल ने बताया कि इस समारोह में जब 50 वर्ष पूर्व के दोस्त मिले तो कुछ साथी जल्दी पहचान में नहीं आये। दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक स्कूल की यादे ताजा की। इंदौर,खिरकिया ,खंडवा ,नेपानगर ,अकोला, नागपुर ,नासिक ,दमन, बड़ौदा आदि शहरों से पधारे मित्र एकत्रित हुए और सभी मित्रों ने अपने स्कूल के जमाने के किस्से सुनाये साथ ही अन्य कई गेम्स खेले गये। स्कूल साथी कार्यक्रम अध्यक्ष कमलनयन लाठ ने बताया की शाम 6 बजे शिक्षकों का सम्मान किया गया। जिन्होंने हमें पढ़ाया था,जिसमें जी.एस.गुप्ता सर,आर.के.चौधरी सर ,मणिकांत पटेल सर ,रघुवंशी सर का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया । सुधीर पारीख ने बताया की सभी साथी सहपत्नीक पधारे थे जिन्होंने स्टेज पर अपना अपना परिचय दिया। स्कूल के साथी मुकेश श्रॉफ ने बताया कि शहर के सुप्रसिद्ध डॉक्टर हमारे स्कूल साथी हेमंत महाजन को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं एवं इंजीनियर सुधीर पारीक तथा रक्तवीर रामभाई अग्रवाल का भी सम्मान किया गया। सुधीर पराशर ने अवगत कराया की स्कूल के साथी सतीश अग्रवाल के सुपुत्र हिमांशु अग्रवाल एवं कमलनयन लाठ के सुपुत्र अंकित लाठ एवं मुकेश श्रॉफ की बिटिया निकिता कुशवाह मिस इंडिया बनने पर इन होनहार बच्चो का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल एवं सुंदर संचालन दिलीप मोरे द्वारा किया गया। अंत में बाहर अन्य शहरों से पधारे मित्रगण, शिक्षकगण एवं पत्रकार बधुओ का आभार दीपक नाइक द्वारा किया गया ।

### नेपा लेडीज़ क्लब द्वारा क्रिसमस पर्व, नववर्ष आगमन के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन



**नेपानगर।** नेपा लेडीज क्लब द्वारा क्रिसमस पर्वए नववर्ष आगमन के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन किया गया। दिसंबर माह की सर्दियों की खुशियों को समर्पित इस विशेष आयोजन की थीम जिंगल एंड जॉय रखी गई। डॉ हर्ष किरण वधेरा के मार्गदर्शन में संपन्न इस विशेष कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर क्रिसमस के पावन पर्व और आने वाले नववर्ष के स्वागत को एक साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रेम, करुणा, सेवा और भाईचारे के संदेश को केंद्र में रखते हुए सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपाध्यक्ष अभिलाषा मेहता के प्रेरणादायक संदेश से हुआ जिसमें उन्होंने कहा कि क्रिसमस हमें आपसी सहयोग, जरूरतमंदों की सहायता और छोटी खुशियों को साझा करने की प्रेरणा देता है। वहीं नववर्ष नए संकल्प, नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। दिसंबर माह की सर्दियों की खुशियों को समर्पित इस विशेष आयोजन की थीम जिंगल एंड जॉय रखी गई। थीम के अनुरूप सर्दियों की गर्मजोशी,सौहार्द और उत्सव का माहौल देखने को मिला। संगीत, मनोरंजक गतिविधियों और उल्लासपूर्ण वातावरण ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। बैठक के दौरान क्लब सभी सदस्यों की भूमिका की सराहना की गई जिसके माध्यम से महिलाएं सामाजिकए सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों को सशक्त रूप से आगे बढ़ा रही हैं। सभी सदस्यों के लिए आने वाले वर्ष में स्वास्थ्य, सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अर्चना देशमुखए प्रीति शर्माए सपना सोनी और निविता महोबे का योगदान विशेष सराहनीय रहा। कार्यक्रम के समापन पर अभिलाषा मेहता ने नेपा लेडीज़ क्लब की कोर कमेटी व सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### जनसुनवाई का आयोजन

**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई के माध्यम से आवेदकों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। इसी कड़ी में जिला पंचायत सभागृह में आयोजित जनसुनवाई में 47 आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गयी। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान ने नागरिकों की समस्याओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए समस्याओं के समाधान के निर्देश दिये। जनसुनवाई में खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्यायए पेंशन सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कैबिनेट से मिली ऐतिहासिक मंजूरी, मौसम आधारित फसल बीमा की दिशा में बड़ा निर्णय : चिटनिस

**नवभारत न्यूज। बुरहानपुर।** प्रदेश के किसानों, विशेषकर उद्यानिकी एवं केला उत्पादक किसानों के हित में मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद कैबिनेट ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत अनिवार्य श्वेदर इंर्फोमेशन नेटवर्क एंड डाटा सिस्टम की स्थापना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस निर्णय से प्रदेश में मौसम आधारित फसल बीमा योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने का मार्ग प्रशस्त होगा। चिटनिस ने स्वीकृति प्रदान करने पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, मंत्रिपरिषद सहित उच्चाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। अर्चना चिटनिस ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन हेतु वेदर इंर्फोमेशन नेटवर्क एंड डाटा सिस्टम की स्थापना अत्यंत आवश्यक रही। जिसके लिए मेरे विगत तीन वर्षों के सतत प्रयास से कैबिनेट की स्वीकृति के पश्चात अब कृषि



विभाग द्वारा ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन की स्थापना हेतु टेंडर प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जिलों में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन की स्थापना हो सकेंगी।

अर्चना चिटनिस ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 में प्रारंभ की गई श्वेदर इंर्फोमेशन नेटवर्क एंड डाटा सिस्टम योजनांतर्गत प्रदेश में एक सुदृढ़, सटीक, सघन, समयबद्ध एवं मानकीकृत मौसम आंकलन प्रणाली विकसित की जा रही है। इस प्रणाली से कृषि एवं उद्यानिकी फसलों की फसल योजना व एडवाइजरीए मौसम आधारित फसल बीमा आपदा प्रबंधन फसल क्षति,उत्पादन एवं उपज का आंकलन फसल स्थिति का वैज्ञानिक मूल्यांकन एवं कृषि अधोसंरचना नियोजन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए विश्वसनीय मौसम आंकड़े उपलब्ध हो सकेंगे।

**प्रक्रिया पूर्ण होने तक किसानों को मिलेगा मुआवजा:**–ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन एवं श्वेदर इंर्फोमेशन नेटवर्क एंड डाटा सिस्टमश् प्रणाली की स्थापना एवं बीमा टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि जिले के राजस्व विभाग एवं उद्यानिकी विभाग संयुक्त रूप से किसानों के वास्तविक नुकसान का आंकलन करें, ताकि आरबीसी 6/4 के अंतर्गत पात्र किसानों को न्यायोचित मुआवजा समय पर उपलब्ध कराया जा सके। इसके साथ ही प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान का निष्पक्ष,पारदर्शी एवं वैज्ञानिक आंकलन सुनिश्चित करने हेतु राजस्व अधिकारियों एवं समस्त पटवारियों का ओरिएंटेशन व प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष अरूण पाटिल, रामभाउ सोनवणे, चिंतामन महाजन, गुलचंद्रसिंह बर्ने, बलराज नावानी,नरहरी दीक्षित, किशोर पाटिल एवं रूद्रेश्वर एंडोले सहित अन्य उपस्थित रहे।

### स्वचालित मौसम केन्द्र एवं स्वचालित रेनगेज होंगे स्थापित

चिटनिस ने बताया कि मंत्रि.परिषद् द्वारा प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के वेदर इंर्फोमेशन नेटवर्क एंड डाटा सिस्टम कार्यक्रम के क्रियान्वयन की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार प्रत्येक तहसील स्तर पर स्वचालित वेदर स्टेशन और ग्राम पंचायत स्तर पर स्वचालित वर्षा मापक यंत्र स्थापित किए जाएंगे। मंत्रि.परिषद् ने इसके लिए 434 करोड़ 58 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। श्वेदर इंर्फोमेशन नेटवर्क एंड डाटा सिस्टम कार्यक्रम के संचालन से मौसम आधारित आंकडे उपलब्ध होंगेए जिससे प्रदेश के कृषकों के हित में फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन तेज गति से किया जा सकेगा। मौसम के उच्च गुणवत्ता आंकड़े एकल डिजिटल प्लेटफार्म पर भारत सरकार को उपलब्ध कराए जाएँगे। पाँच वर्षों की योजना पर अनुमानित व्यय 434 करोड़ 58 लाख रुपये संभावित है।

### बुरहानपुर के केला किसानों को होगा विशेष लाभ

इस निर्णय से बुरहानपुर जिले के हजारों केला किसानों को विशेष एवं प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। केला एक अत्यंत मौसम.संवेदनशील उद्यानिकी फसल हैए जो तेज हवाए अतिवृष्टिए तापमान में अचानक बदलाव, ओलावृष्टि एवं प्राकृतिक आपदाओं से शीघ्र प्रभावित होती है। ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन एवं श्वेदर इंर्फोमेशन नेटवर्क एंड डाटा सिस्टमष् प्रणाली के माध्यम से अब केले की फसल में होने वाले नुकसान का स्थानीय स्तर पर सटीकए वैज्ञानिक एवं पारदर्शी आंकलन संभव हो सकेगा। इससे केला किसानों को वास्तविक नुकसान के आधार पर बीमा दावा मिलेगा। बीमा भुगतान में विवाद व देरी में कमी आएगी। उद्यानिकी फसलों के लिए बीमा एजेंसियों की सहभागिता बढ़ेगी। प्राकृतिक आपदा की स्थिति में किसानों को समय पर आर्थिक राहत मिलेगी। यह निर्णय बुरहानपुर को प्रदेश के प्रमुख केला उत्पादन केंद्र के रूप में और अधिक सशक्त बनाएगा।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि लगभग 9 वर्ष पूर्व बुरहानपुर के ग्राम फोफनार सहित 6.7 गांवों के किसानों को 30 करोड़ रुपए से अधिक की बीमा राशि सीधे उनके खातों में जमा करवाई गई थी, जो किसानों के लिए ऐतिहासिक राहत थी। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में उद्यानिकी फसलों के लिए बीमा एजेंसी सुनिश्चित नहीं हो सकी थी। 6 बार टेंडर आमंत्रित करने के बावजूद एजेंसियों ने आवेदन नहीं कियाए जिसके बाद उद्यानिकी विभाग के साथ बैठक कर टेंडर की शर्तों में आवश्यक संशोधन किए गए। इस विषय को लेकर उनकी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की माननीय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव,कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह जी चौहान से निरंतर भेंट एवं पत्राचार होता रहा है। विधानसभा के माध्यम से लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप यह निर्णय संभव हो सका।

**अर्चना चिटनिस की रही निर्णायक भूमिका:**–इस महत्वपूर्ण निर्णय के पीछे विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं निर्णायक रही है। उन्होंने लगातार शासन स्तर पर इस विषय को मजबूती से उठाया और किसानों की जमीनी समस्याओं को तथ्यात्मक रूप से सामने रखा। श्रीमती चिटनिस ने विधानसभा सत्र के दौरान प्रश्न क्रमांक 691ए ध्यानाकर्षण प्रस्तावों एवं मुख्यमंत्री तथा कृषि मंत्री से निरंतर संवाद के माध्यम से इस विषय को शासन के एजेंडे में बनाए रखा। उनके सतत प्रयासोंए पत्राचार एवं बैठकों का ही परिणाम है कि आज मौसम आधारित फसल बीमा को लेकर कैबिनेट स्तर पर ठोस निर्णय लिया गया।

## 1 .4 करोड़ 99 हजार रूपए की हुई धोखाधड़ी, नेपा पुलिस ने 3 आरोपियों पर दर्ज किया केस

**पुलिस जांच में खुलासा . क्षेत्र के 19 अभ्यर्थियों को जारी किया गया था फर्जी ज्वाइनिंग,ट्रेनिंग लेटर**

**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** पोस्ट ऑफिस में नौकरी दिलाने के नाम पर पोस्ट ऑफिस के ही 3 कर्मचारियों ने मिलकर क्षेत्र के 19 अभ्यर्थियों से 1.4 करोड़ 99 हजार रूपए वसूले थे। यह खुलासा पुलिस जांच में हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि पोस्ट ऑफिस में नौकरी लगाने को लेकर लगभग पांच लाख 40 हजार रुपए की डिपॉजिट मनी 19 अभ्यर्थियों से जमा कराई गई थी। इस मामले में पुलिस ने फरियादी मोइनुद्दीन पिता स्वर्गीय जैनुद्दीन 63 निवासी ग्राम गुड़ी थाना पंधाना हाल नेपानगर की शिकायत पर आरोपी रईस पिता सलीम खान 40 नेपानगरए धीरज चौधरी पिता अशोक चौधरी निवासी पोस्ट ऑफिस ब्रांच कंप्यूटर ऑपरेटर, रामकिशन कासडे खंडवा पोस्ट ऑफिस के खिलाफकेस दर्ज किया है। नेपानगर थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल ने बताया 1 जनवरी 2022 से लेकर 2 अक्टूबर 2023 तक आरोपियों ने ऑफ्लाइन ग्रामीण भर्ती डाक सेवा के नाम पर थाना नेपानगर क्षेत्र के कुल 19 अभ्यर्थियों को प्रति व्यक्ति के हिसाब से 540000 नगद सिक्योरिटी मनी डिपॉजिट करना बताकर नगद पैसेए फोन पे के माध्यम से राशि ली। राशि रईस निवासी नेपानगर के द्वारा प्राप्त की गई। ट्रांसफर के नाम से भी लोगों से नगद राशि वसूल की गई जिसमें कुल राशि एक करोड़ 4 लाख 99 हजार रुपए की धोखाधड़ी की जाकर रईस और उसके साथी धीरजए रामकिशन के द्वारा फर्जी जॉइनिंग लेटर अपॉइंटमेंट लेटर, ट्रेनिंग लेटर जारी किया जाकर आदेश दिए गए। नौकरी नहीं मिलने पर अनावेदकगणों द्वारा भर्ती प्रक्रिया निरस्त होना बताया।

## श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ आज शुभारम्भ

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मां ताप्ती के पावन धरती बुरहानपुर में इंदिरा कॉलोनी स्थित गोकुल धाम ग्रीन पार्क सोसायटी माहेश्वरी धर्मशाला के पास आगामी 24 दिसंबर 2025 से 30 दिसंबर 2025 तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है।

व्यासपीठ पर इस कथा का वाचन श्री आदित्य भाई मुखियाजी श्री गोकुलचंद्रमा मंदिर,बुरहानपुर द्वारा विराजमान होकर अपनी समधुर अमृतमय वाणी से कथा का रसपान करायेंगे। इस भागवत कथा में आप सहपरिवार आमंत्रित है।

उक्त जानकारी देते हुए पूर्व महापौर श्री अतुल भाई पटेल ने बताया कि 24 दिसंबर से 30 दिसंबर तक चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस सुबह 9 बजे उनके निज निवाससे कलश यात्रा नकाली जाएगी। तत्पश्चात प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक भागवत कथा श्रवण किया जाएगा। पूर्व महापौर ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भागवत



कथा श्रवण का धर्मलाभ लेने की अपील की है।

पूर्व महापौर अतुल पटेल ने प्रसेवार्ता में बताया कि हमारे यह परम कृपालु कुलदेवता एवं कुलदेवी की असीम कृपा से हमारे पितृ आत्माओ स्व.नटवरलाल लालदास पटेल, स्व.मीरा बेन नटवरलाल पटेल, स्व.हिरल अतुल पटेल,स्व.नगीन दास मिठाराम पटेल,स्व.चंपाबेन नगीन दास पटेल,स्व.कृष्णदास नगीन दास पटेल,स्व.प्रकाश नगीनदास पटेल, स्व.निशांत सतिश पटेल की स्मृति में दिनांक 24/12/2025 से 30/12/2025 तक श्रीमद भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया गया है।

आपने कहा कि यह कथा मानव जीवन को धर्म, भक्ति, करुणा, सेवा और सदाचार की दिशा में आगे बढ़ाने वाला एक पवित्र अवसर है । श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाएँ,उनका उपदेश,प्रेम, करुणा और धर्म की स्थापना की प्रेरणा. हर श्रोता के जीवन में नया प्रकाश जगाती हैं।

**आज निकलेगी कलश यात्रा:**– कथा की शोभा यात्रा दिनांक 24/12/2025 बुधवार को प्रात: 9.00 बजे से पूर्व महापौर अतुल भाई पटेल के निवास स्थान इंदिरा कॉलोनी से निकलकर गोकुलधाम ग्रीन पार्क सोसायटी, माहेश्वरी भवन के पास जाएगी ।

**कथा विषय अनुरूप होगी झांकीया:**– पूर्व महापौर श्री अतुल पटेल ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा दौरान प्रतिदिन कथा से संबधित आकर्षक झाकीयां भी बनाई जाएगी। जो विशेष आकर्षक और मनमोहक होगी।

**महापौर की अपिल:**– निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि भागवत कथा सुनने से आध्यात्मिक विकास होता है, मन को शांति मिलती है और भगवान के प्रति भक्ति बढ़ती है। कथा के माध्यम से सदाचार, ज्ञान,भक्ति और समाज धर्म का संदेश दिया जाता है। महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने सभी नागरिकों से अपील है कि मेरे आग्रह को स्वीकार कर भागवत कथा श्रवण का लाभ प्राप्त करें यह कथा हर श्रोताओं के जीवन में ज्ञान नया प्रकाश जगाती हैं अत: इस कथा में सहपरिवार पधारने की कृपा करें।

## कस्तूरबा और सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास प्राचीन में राष्ट्रीय गणित सप्ताह कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली मालवा प्रांत के जिला बुरहानपुर के जिला संयोजक डॉ कृष्णा मोरे के द्वारा ओमप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय गणित दिवस के अंतर्गत राष्ट्रीय गणित सप्ताह का आयोजन शासकीय कस्तूरबा छात्रावास और शासकीय सीनियर आदिवासी बालक धुलकोट में आयोजित किया गया। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली द्वारा 16 से 23 दिसंबर 2025 तक राष्ट्रीय गणित सप्ताह का आयोजन सम्पूर्ण राष्ट्र में किया जा रहा है गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्म ग्राम इरोड तमिलनाडु में 22 दिसंबर 1887 में निर्धन परिवार में हुआ था इनके पिता गांव में साडी की दुकान पर कार्य करते थे उनकी माता ग्रहणी थीं। छोटी उम्र में ही उन्होंने अपनी प्रतिभा से छात्रवृति



प्राप्त की थी श्रीनिवास रामानुजन का योगदान विज्ञान प्रौद्योगिकी में प्रमुख रहा है श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर प्रत्येक वर्ष 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। रामानुजन की 125वीं जयंती पर राष्ट्रीय गणित दिवस की घोषणा वर्ष 2012 में की गई थी। यह दिवस लोगों को गणित के महत्त्व और क्षेत्र में हुई प्रगति एवं विकास के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मनाया जाता है। श्रीनिवास रामानुजन ने 3900 सिद्धांत सूत्र और प्रमेय को अपने रिसर्च से खोज कर बनाया था उनके गणित में किए गए खोजों का ही प्रतिफल है कि कैंसर जैसी बीमारियों में सहायता भी मिल रही हैं उन्होंने 1729 कोड दिया जो रामानुजन कोड कहलाता है। उन्होंने खेल सिद्धांत भी दिया और ब्लैक हॉल में भौतिकी में भी अमूल्य योगदान दिया।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली मध्य प्रांत संयोजक और शिक्षा से आत्मनिर्भरता भारत के राष्ट्रीय संयोजक ओमप्रकाश जी शर्मा की प्रेरणा मार्गदर्शन आशीर्वाद से न्यास की गतिविधिया सम्पूर्ण राष्ट्र में आयोजित की जा रही हैं। ओमप्रकाश जी शर्मा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली शिक्षा के उत्थान और विकास के लिए निस्वार्थ भाव से दिनरात तन मन धन से सेवा में संकल्पित है हर दिन वे प्रवास के लिए समय देकर देश के विभिन्न स्थानों का प्रवास करते हैं उनका सपना है कि एक दिन हमारा देश भारत शिक्षा से आत्मनिर्भर अवश्य होगा जिसके लिए आप भागीरथी प्रयास कर रहे रहे हैं। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली मालवा प्रांत के संयोजक रामसागर मिश्र संपूर्ण मालवा प्रांत के शिक्षाविदों को न्यास से जोड़ रहे हैं।

शासकीय कस्तूरबा छात्रावास और शासकीय सीनियर आदिवासी बालक धुलकोट में विद्यार्थियों को गणित दिवस के अंतर्गत गणित सप्ताह में श्रीनिवास रामानुजन का गणित में योगदानए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उपलब्धियो को विस्तार से बताया गया। रामानुजन की देवी मां में बड़ी आस्था थीं और वे अपने गणितीय फार्मूले उनको अर्पित करते थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक प्रेम निराले और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## समाजसेवी पहाड़िया का अभिनंदन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पार्श्व ज्योति मंच के संरक्षक, उदारमना समाजसेवी महावीरप्रसाद जैन पहाड़िया का का अभिनंदन मंच के अध्यक्ष.राजेश चान्दमल जैनए सचिव.डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती, कोषाध्यक्ष. विमलकुमार पाटनी, समाजसेवी दिलीप जैन ,ज्योति जैन पहाड़िया ने किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि नौवें दशक में चल रहेश्री महावीरप्रसाद पहाड़िया निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य, तीर्थ संरक्षण आदि के लिए दान देकर पुण्य का संचय करते हैं। निरंतर स्वाध्याय करते हुए उन्होंने महावीर वाणी पुस्तक का लेखन किया। उनके प्रेरक व्यक्तित्व एवं कृतित्व से आमजन को स्वस्थ जीवन, न्यायोपार्जित धन एवं सद्गृहस्थमय जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती ने वर्षवर्धनोत्सव की व्याख्या की और कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन के हर क्षण का उपयोग करना चाहिए। आभार श्रीमती मयूरी एवं श्रद्धा पहाड़िया ने व्यक्त किया।

**एक नजर** — सांसद ज्ञानेश्वर पाटील की पहल, जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, समिति के सदस्यों ने माना सांसद का आभार

## जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य देंगे सुझाव : स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने की दिशा में सकारात्मक कदम

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मंगलवार को अमरावती रोड स्थित सांसद कार्यालय पर जिला विकास सलाहकार समिति के नामांकित सदस्यों का खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटीलएनेपानगर विधायक मंजू दादू ने स्वागत कर शुभकामनाएं दी। यहां से सांसद सभी सदस्यों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और निरीक्षण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के मिशन मोड़ पर सदस्यों के साथ चर्चा की। समिति के सदस्यों ने कहा कि पहली बार धरातल पर ऐसी सकारात्मक पहल की है। इसके लिए हम सांसद श्री पाटील के आभारी है।

**सदस्यों के सुझाव रहेंगे महत्वपूर्ण:**– सांसद पाटील ने बताया कि जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्यों के साथ आज जिला अस्पताल का निरीक्षण करने आया हूं। यहाँ आने का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिला अस्पताल में सुविधाओं को और अधिक बेहतर करने का लक्ष्य हमने रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने में सलाहकार समिति के सुझाव का भी महत्वपूर्ण रोल रहेगा। क्योंकि



इस समिति में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत अनुभवी एवं प्रबुद्ध नागरिक शामिल है।

मैंने समिति के सदस्यों से आग्रह किया है कि स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर कैसे कर सकते हैं। इस दिशा में मंथन करे और इन सुझावों पर आने वाले दिनों में होने वाली बैठक में विचार विमर्श कर एक रोड मैप बनाकर इसे धरातल पर उतारने की दिशा में प्रयास करेंगे।

**उत्कृष्ट उपलब्धि पर दी बधाई:**–सांसद पाटील ने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि स्वास्थ्य सुविधाओ के मामले में एनक्वास लक्ष्य और मुस्कान अभियान में नेशनल स्तर पर क्वालीफाई करने वाला पहला जिला बुरहानपुर बना है। इस उपलब्धि के लिए जिला कलेक्टर श्री हर्ष सिंह, सिविल सर्जन डॉ प्रदीप मोज़ेस, समस्त चिकित्सक, स्टाफ , कर्मचारीयो को बधाई देता हूं। आने वाले समय में हम सभी मिलकर बुरहानपुर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत व बेहतर करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

**शुरू होंगा क्रिटिकल केयर हेल्थ यूनिट :**– सांसद ने निरीक्षण के दौरान कहा कि जिला अस्पताल के पास लगभग 16 करोड़ की लागत से 50 बेड वाला क्रिटिकल केयर हेल्थ यूनिट बनकर तैयार है। यहां हाईटेक चिकित्सा सुविधा,आईसीयू वार्ड, आइसोलेशन वार्ड



ऑक्सीजन, वेंटीलेटर, एसडीयू सेवा उपलब्ध रहेंगी जल्द ही यह शुरू होगा इसके बाद गंभीर घायलों को इलाज के लिए बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा।

सांसद ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल जी द्वारा हाल ही में जिला अस्पताल में दो विशेषज्ञ डॉक्टर तथा लालबाग स्वास्थ्य केंद्र में महिला डॉक्टर की पदस्थापना की गई है।आने वाले समय में भी डॉक्टर व स्टाफकी कमी को दूर करेंगे इसके लिए सतत प्रयास जारी है।

**इन सदस्यों का किया स्वागत:**–जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य उद्योगपति संजय अग्रवाल, कृषक किशोर शाह, व्यवसायी पंकज नाटानी,चिकित्सक डॉ.आशीष जैन, व्यवसायी अशोक जायसवाल, समाजसेवी किशोर पाटील, कृषक रमेश महाजन, अधिवक्ता सागर पाटील का जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

स्वागत समारोह में पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप श्रॉफ , मप्र पावरलूम फेडरेशन अध्यक्ष जयंती भाई नवलखे,पूर्व महापौर अनिल भोसले,मनोज तारवाला, भाजपा युवा नेता गजेन्द्र पाटील,मनोज टंडन,डॉ दीपक वाभले की उपस्थिति रही। संचालन जिला उपाध्यक्ष आदित्य प्रजापति ने किया।